प्रो0 संपत सिंहः अध्यक्ष महोदय मै एक छोटी सी बात कहना चाहता हूं। मुख्यमंत्री जी यह सही बात कह रहे है कि 26 जनवरी, 1986 को चण्डीगढ पंजाब को ट्रांसफर किए जाने का एक तरह से अंतिम फैसला हो ही चुका था और सारी तैयारी हो गई थी। यह सही बात है। इस बारे मे अखबारो मे भी खबर आई थी, बंसी लाल जी इस खबर से कैसे अनभिज्ञ रहे, समझ मे नही आता। अध्यक्ष महोदय, मै यह कहना चाहता हूं कि जो चण्डीगढ पंजाब को ट्रांसफर होने से रुका, वह इनकी वजह से नही, बल्कि हमारे नेता चौधरी देवी लाल जी द्वारा जो लडाई लडी गई, उस वजह से रुका था क्योंकि 23 जनवरी को हमारे 3 साथी भी भाहीद हुए थे। इसलिए चण्डीगढ पंजाब को ट्रांसफर होने से बचा था। मेरे कहने का मतलब यह है कि हमारे जन आन्दोलन के कारण ही ऐसा हुआ था।

चौधरी बंसी लालः अध्यक्ष महोदय अगर ये कहते है तो हम लोग भी पंजाब की तरह से रैजोल्यू ान पास कर देते है कि यह समझौता गलत हुआ है। इस समझौते को छोडिए। हम इसे

नही मानते। ये ऐसा प्रस्ताव ले आए और हम उसको यूनानिमसली पास कर देंगे।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, अब ये दूसरी बात पर आ गए है। पंजाब के मुख्यमंत्री ने उसी वक्त उस से इंकार कर दिया और असैंबली मे प्रस्ताव पास करवा दिया, यह रिकार्ड की बात है। जब हम बैठे थे तो उन्होने रिकार्ड दिखाया था। कौन सी बात को लेकर ये प्रस्ताव लाने की बात करते है। प्रस्ताव लाने मे हमें कोई ऐतराज नही है लेकिन ये खुद कहें कि इनकी वजह से यह बात सिरे नही चढी, ये इस बात को माने तो सही।

चौधरी बंसी लालः अध्यक्ष महोदय, अगर आज भी ये ऐसा प्रस्ताव ले आए कि यह समझौता गलत है और हरियाणा के हितो के साथ ज्यादती की गई है, तो हम युनानिमसल उसे पास कर देंगे।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, ये उस वक्त कह देते कि हम इसको नही मानते। उस वक्त तो ये कर्ता–धर्ता थे, एमरजैंसी के हीरो ये थे। ज्यादती और जुलम के भी यही हीरो थे। उस जमाने मे तो जो कुछ भी कर सकते थे। सैंटर मे ये सब कुछ थे। फिर उस वक्त इस नहर को क्यों नही बनवाया? अध्यक्ष महोदय, ये कहते है कि मैने फैसला 1976 मे करवाया था तो फिर इनको नहर बनाने मे उस वक्त कौन रोकता था? एक कस्सी भी कही पर ली हो तो ये बता दें। अध्यक्ष महोदय, आप जानते है कि

उसके बाद 1979मे मै मुख्य मंत्री बना और इस फैसले को करवाने के लिए मै रात दिन लगा। रात दिन लगने के बाद मैने मीटिंग करके पानी का फैसला करवाया। इस काम के लिए उस वक्त प्रधान मंत्री जी ने श्री पी0 ि ाव भांकर को नियुक्त किया। हालांकि इरिगे ान का महकमा उनके पास नही था बल्कि उस वक्त राव वीरेन्द्र सिंह के पास महकमा था। राव वीरेन्द्र सिंह को यह काम इसलिए नही सौंपा गया क्योंकि वे हरियाणा के थे। प्रधान मंत्री जी ने उस वक्त कहा था भजन लाल जी हम इस काम की जिम्मेदारी किसी दूसरी प्रदे ा केमंत्री को सौंपेगे, जिससे दोनो प्रदे ाों की तसल्ली हो। चाहे राव साहब इंसाफ भी करेंगे, तब भी पंजाब वाले कहेंगे कि राव वीरेन्द्र सिंह जी हरियाणा के है। हालांकि इरीगे ान का महकमा उनके पास था लेकिन फिर भी उन्होने यह काम पी0 ि ाव भांकर के जिम्मे लगाया। मीटिंग करके उन्होने यह फैसला किया। इंदिरा जी ने बहुत मु ि कल से उस फैसले को मनवाया। एक एग्रीमैंट हुआ, तीन मुख्य मुत्रियो के साईन हुए। मेरे, राजस्थान ओर पंजाब के मुख्य मंत्रियो के साईन हो गए और इंदिरा जी ने उस नहर कीआधार ि ाला रखी। अध्यक्ष महोदय, उस वक्त मै हरियाणा का मुख्य मंत्री था, ये नही थे जब इसकी आधारि ाला रख के काम भाुरु करवाया। (विघ्न) उस दिन मेरी कोि ा ा से ही यह काम हो सका। चौधरी साहब अगर किसी मामले को उलझाना हो, तो कुछ भी कह कर उलझाया जा सकता है लेकिन हमें पानी की आव यकता थी हमें 3.5 एम0 ए0 एफ0 पानी चाहिए था। अगर उस वक्त नहर बन जाती तो 3.5

एम0 ए0 एफ0 पानी भी 5एम0 ए0 एफ0 पानी जितना काम करता। अध्यक्ष महोदय, आप जानते है कि कितने साल हो गये है 1981 को? 1981 को गए 13 साल हो गए है। हम चाहते थे कि यह फैसला हो। पानी पंजाब ने देना है। पंजाब ने नहर बनानी है और अगर थोडा–बहुत झुक कर भी नहर बन जाए और पानी हरियाणा मे आ जाए तो कितनी बडी बात हो जाती। इसलिए हम ने उस वक्त इस बात को माना था। अध्यक्ष महोदय, आप जानते है कि उसके बाद इराडी कमी ान ने 3.83 एम0 ए0 एफ0 पानी देने का फैसला दिया। लेकिन फिर अकालियो ने कह दिया कि हम इस समझौते को नही मानते। इराडी कमी ान ने हमारे पानी को बढाकर 3.5 एम0 ए0 एफ0 की बजाय 3.83 एम0 ए0 एफ0 कर दिया। यह सारा फैसला हो गया। हम चाहते है कि किसी तरह से नहर बने और हरियाणा के किसानो को पानी मिल जाए। अब ये कहते है कि नुकसान कर दिया। नहर का 85 प्रति ात काम हो गया है। आज औम प्रका ा चौटाला हरियाणा के हितो की बात कर रहे है। मै इनसे पूछता हूं कि जब ये कुर्सी पर थे तो क्या इन्होने एस0 वाई0 एल0 नहर बनाने की बात की थी? बस एक बार बादल से पत्थर रखवाने की बात तो की उसके बाद तो ये डेट ही भूल गए। उसका नाम लेना ही भूल गए। प्रका ा सिंह बादल क्या कहता है कि हम नहर को मिटटी से भरे और ये श्रीमान् जी कहते है कि पंजाब मे मुख्य मंत्री प्रका ा सिंह बादल होना चाहिए। इस बारे मे इनके रोज स्टेटमैंट आते है। सबसे ज्यादा हरियाणा के नुकसान की बात बादल ही करता है। यह बात

कोई दूसरे लीडर नही कहते है। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, हमने तो हमे ाा ही कहा है कि हरियाणा के किसानो को पानी मिले, मै जहां इस नहर को छोड कर गया था, वह वहीं की वही पर खडी हुई है। इस पर भारत सरकार का पांच सौ करोड रुपया लग गया। इस बात से मै सहमत हूं और अपोजी ान के भाईयो से भी सहमत हू। आप भी भारत सरकार से कहते है और हमसे भी कहते है ओर मुझे प्रस्ताव पास करने मे भी कोई एतराज नही है कि नहरे बननी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, पांच सौ करोड तो लग जाए और पानी फिर भी पाकिस्तान को जा रहा है। हरियाणा पानी की एक एक बूंद को तरह रहा है। अब बंसी लाल जी कहते है कि दक्षिणी हरियाणा के साथ ज्यादती हो गई। बंसी लाल जी, दक्षिणी हरियाणा आज का नही बना है। जब हरियाणा बना था, तब दक्षिणी हरियाणा भी बन गया था। पहले भी जब भी पानी की बात आई है तो ज्वायंट पंजाब के समय मे भी दक्षिणी हरियाण के लोग पावर मे थे। वह वक्त न तो बंसी लाल जी के वक्त मे था, न भजन लाल के वक्त मे था और न ही देवी लाल के वक्त में था। उस वक्त रोहतक के प्रोफैसर भोर सिंह, चौधरी रणबीर सिंह, चौधरी जिरक राम और चौधरी लहरी सिंह थे, ये सारे के सारे लीडर उसी एरिया के थे। पानी का अलग अलग हिसाब है। जब आप लोगो की सरकार थी, तो उसी वक्त आप दक्षिणी हरियाण को पानी दे देते, आज आपको दक्षिणी हरियाणा से बहुत प्यार हो गया है। आपने उस वक्त उन्हे पानी क्यों नही दिया? आपको देना चाहिए था। लेकिन आप भी नही दे सके। न चौधरी देवी लाल दे

और न ही भजन लाल दे सकता था क्योंकि इसका सिस्टम अलग अलग है। आज जिस इलाके को भाखडा का पानी मिलता है, क्या उस इलाके के पानी को कोई काट सकता है। अध्यक्ष महोदय, उस जमाने मे लोग पांच मील से पीने के पानी लाते थे। ये चाहते तो उस वक्त भिवानी,, हिसार और सिरसा मे जमुना का पानी ले जा सकते थे, लेकिन कैसे ले जा सकते थे क्योंकि यहतो मुनासिफ बात नही होगी। इसके बाद इन्होन कह दिया कि पंजाब मे जितने हैडवर्क्स है, उन पर कंट्रोल बी0 बी0 एम0 का होना चाहिए जबकि उस पर पंजाब सरकार का कंट्रोल है। मै इनको कहता हूं कि आप भी बहुत लम्बे वक्त तक मुख्य मंत्री रहे है, साढे सात साल तक मुख्य मंत्री रहे है, कर्ता–धर्ता रहे है तो आपने उस वक्त उनका कंट्रोल बी0 बी0 एम0 को क्यों नही दिलाया। कंट्रोल दिलाना कोई आसान बात नही है।

चौधरी बंसी लालः मैने तो उसके लिए खुब डांट कर लडाई लडी थी। आप हमें यह बताए कि आपने क्या किया है।

चौधरी भजन लालः तो भजन लाल ने क्या कम लडाई लडी है? आपने तो चण्डीगढ के बदले गांव मांग लिए और सारा सत्याना ा कर दिया। अगर आज हम भी उस बात पर रहे तो हरियाण को और ज्यादा नुकसान हो जाएगा।

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः अध्यक्ष महोदय, बंसी लाल जी ने तो हरियाणा को माना ही नही था।

चौधरी बंसी लालः अध्यक्ष महोदय, चौटाला साहब ने कहा कि मैने हरियाणा को नही माना था। मै चौटाला साहब की इत्तलाह के लिए बताना चाहता हूं कि जब रिआर्गनाईजे ान आफ पंजाब एक्ट बना, उससे पहले 'पार्लियामैंटरी कमेटरी आन दि डिमांड आफ पंजाबी सूबा' एक कमेटी बनी ाी उस के अध्यक्ष लोक सभा के स्पीकर सरदार हुक्म सिंह थे। वे चेयरमैन थे। उस कमेटी के 20 मैम्बर थे। उनमे मै भी एक मैम्बर था। उस कमेटी की मीटिंग मे यह बात हुई थी कि हरियाणा का कुछ हिस्सा राजस्थान मे मिला दो और कुछ दिल्ली मे मिला दो। उसकी उस रिपोर्ट मे मेरा डायसैटिंग नोट है जो पार्लियामैंट मे पे ा की गयी थी। मेरा कहना था कि हरियाणा को फुलफलैजड स्टेट बनाना चाहिए। आज हरियाणा के लोग इसलिए पंजाब से अलग हो रहे है क्योकि पंजाब वाले हरियाणा का हक खा गए है। दिल्ली मे भाामिल कर देते तो हमारे साथ और बुरा होता यह हमारी युनानीमस रिपोर्ट है कि हरियाणा और पंजाब दोनो अलग अलग बना दिए जाएं। अध्यक्ष महोदय, ये श्रीमान् जी तो उस वक्त राजनीति मे भी नही थे।

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः अध्यक्ष महोदय, चौधरी बंसी लाल जी हाउस को गुमराह कर रहे है। वह रिकार्ड या तो ये लाकर आपको दिखा दें या फिर मै आपके सामने वह रिकार्ड पे ा कर दूंगा। इनका बकायदा डायसैटिंग नोट यह है कि हरियाणा प्रदे ा नही बनना चाहिए और पंजाब की स्थिती ज्यों की त्यों रहनी चाहिए।

चौधरी बंसी लालः अध्यक्ष महोदय, अगले सै ान मे ये तो वह रिकार्ड आपको लाकर नही दिखाएंगे। लेकिन मै आपको वह ला दूंगा और पढकर भी सुना दूंगा। यदि आप कहोगे तो मै उसको टेबल आफ दि हाउस पर भी रख दूंगा।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, मै यमुना के पानी के समझौते पर तो डिटेल मे बाद में बताउंगा। पहले इन्होने जो छोटे छोटे प्वायंट उठाए है उनके बारे मे बता दूं। इन्होने आगरा कैनाल के कंट्रोल के बारे मे कहा कि इसका कंट्रोल हमारे पास होना चाहिए। अध्यक्ष महोदय, ये भी इतने साल मुख्य मंत्री रहे है, लेकिन वह कंट्रोल हमारे पास नही आया। हमने भी इसके लिए कोि ा ा की है। परंतु हमारी यही कोि ा ा रही है कि यह कंट्रोल हमें मिलना चाहिए जो अभी तकहमें नही मिला है। इसके अलावा यहां तक जमुना का ताल्लुक है, इसके बारे मे चौटाला साहब ने एक दो बातें बडी गर्मी से कह दी कि सरकार बडी भारी भ्रश्ट है और उसने गडबडी की है। इनहोन यह भी कह दिया कि बिजली का एग्रीमैंट कर लिया और हमारो करोड रुपये का उसमे घपला कर दिया। अध्यक्ष महोदय, वह प्रोजैक्ट ही चार करोड रुपये से भी कम का है।

चौधरी बंसी लालः अध्यक्ष महोदय, जहां तक मुझे याद है कि चौटाला साहब ने हजारो का धपला नही बल्कि सैंकडो रुपये का घपला ही कहा था। यह आप रिकार्ड निकलवा कर देख लो।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, ये तो अभी भी हजारो करोड रुपये का ही कह रहे है। जिस आदमी ने घपले ही करना सीखा हो तो वह घपले की ही बात करेगा। इनका तो कोई और प्रोग्राम ही नही है। इनका तो कम ही घपले करने का है। इस हरियाणा प्रदे ा की जनता इनके कारनामो को जानती है। हरियाणा मे इनका चार साल तक राज रहा। इस दौरान क्या क्या हुआ, वह सब लोग जानते है।

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। हमने मुख्य मंत्री जी से कई दफा कहा है कि आप उस एम0 ओ0 यू0 की कापी क्यो नही सदन मे पे ा करते ताकि यह पता चल जाए कि आप रिनोंग ग्रुप ओर आईजन वर्ग की कम्पनी के साथ किस रे ाो से और किस प्रकार का सौदा करके आए है? हमारे बार बार कहने के बावजूद भी उस एम0 ओ0 यू की कापी सदन मे क्यों नही रखी जाती? अध्यक्ष महोदय, हमने इसके लिए गवर्नर को भी लिखा, मुख्य मंत्री को भी लिखा, प्राईम मिनिस्टर को भी लिखा और राश्ट्रपति को भी लिखा। लेकिन आज तक भी वह कापी पे ा नही की गयी। हमारे मुख्य मंत्री तो बहुत ही ईमानदार है और इनकी ईमानदारी की चर्चा तो जन्मजात से है। इनको तो घुटी भी ईमानदारी की मिली हुई है लेकिन जो फैसले ये करके आए है, उस एम0 ओ0 यू0 की कापी इस सदन मे रखी जानी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, मै आपसे उम्मीद करता हूं कि

आप मुख्य मंत्री जी को यह आदे ा देकर वह कापी इस सदन मे पे ा करवाएं।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इन्होने कह दिया कि एम0 ओ0 यू0 की कापी सदन मे रखी जानी चाहिए क्योंकि यह बेचारा जानता तो कुछ भी नही। इसके सप्पा लग गया होगा लेकिन सप्पा क्या लग गया? बेचार सात दिन तक लगातार मुख्यमंत्री भी नही रहा। मुख्यमंत्री इसलिए नही रहा क्योंकि इसकी किस्मत मे मुख्यमंत्री रहना लिखा ही नही है। तकदीर ही ऐसी है। वेद ओर भाास्त्र भी कहते है कि अंगहीन आदमी राजा नही हो सकता और ऐसा होना भी प्रदे ा के लिए भाुभ नही है। (विघ्न) इनको यह पता होना चाहिए कि एम0 ओ0 यू0 फाईनल नही होता है इसलिये ये मैमोरैंडम आफ अंडरस्टेडिंग होता है। जब यह फाईनल एग्रीमैंट होगा, तो हम बकायदा टेबल पर भी इसको रखेगे और आपके पास भी उसकी दो दो कापी भेज देंगे। ये रोजाना ब्यान देते है कि बाहर की कंपनी के साथ स्टेट गवर्नमैंट तो एग्रीमैंट कर ही नही सकती। लेकिन इन्हे यह नही पता कि इनके साथ कौन एग्रीमैंट करेगा? इनके साथ तो इनका पडोसी भी एग्रीमैंट नही करेगा। लेकिन आपको पता होना चाहिए भारत सरकार ने 1992 मे वह बकायदा नोटिफाई किया है। चिटठी लिखी है कि स्टेट गवर्नमैंट को अधिकार है कि किसी भी बाहर की कंपनी के साथ कोई भी प्रोजैक्ट वह साईन कर सकती है। यह एग्रीमैंट है और उसके तहत बकायदा बातचीत भारत सरकार ने की

है। छः बार उनसे बातचीत की है और भारत सरकार ने एन0 टी0 पी0 सी0 से बातचीत की। एन0 टी0 पी0 सी0 ने कह दिया कि हमारे पास तुमहारे हिस्से का पैसा नही है, इसलिए हम इस प्रोजैक्ट को नही लगा सकते (ाोर एवं व्यवधान) यह टेन्डर नही है। ग्लोबल टैण्उर है। जिस कंपनी से स्टेट गवर्नमैंट ने कोई प्रोजैक्ट कराना हो, तब ग्लोबल टेंडर होते है। अब काम ग्लोबल टैण्डर का नही है, यह का उस कंपनी के साथ एग्रीमैंट का है कि वह बिजली तैयार करके हमें किस रेट पर देगी? सारा खर्च उसका है। हमारा उसमे कुछ भी नही है। भारत सरकार ने कई मीटिंगे की। मीटिंग करने के बाद भारत सरकार ने जवाब दे दिया कि आप सीधे करना चाहे तो कर सकते है। एन0 टी0 पी0 सी0 के पास पैसा नही है इसलिए हम नही कर सकते। अध्यक्ष महोदय, हमने उनके साथ 5–6 मीटिंगे की, मीटिंगे करने के बाद इसका एग्रीमैंट हुआ। एग्रीमैंट जो हुआ है, वह 1 रुपया 92 पैसे प्रति युनिट बिजली लेने का है। ग्लोबल टैण्डर तो उसका होता है कि स्टेट गवर्नमैंट पैसा लगाकर के किसी चीज को बनवाए। टैंडर तो वही करेग जिसने बिजली बनानी है। 1 रुपया 92 पैसे पर बिजली जो कि 68.5 प्लान्टलोड फैक्टर पर है। अगर उससे उपर चला जाएगा तो बिजली का रेट कम हो जाएगा। 1 रुपया पच्चेतर पैसा, सत्तर पैसा या साठ पैसा हो जाएगा। डेढ रुपया हो सकता है। अगर हनड्रड परसैंट चला गया तो इसका रेट 1 रुपया 55 पैसे रह जाएगा। हमारे बाद महाराश्ट्र ओर कर्नाटक के साथ 2 रुपया 40

पैसे मे समझौता हुआ है। इतना भाानदार एग्रीमैंट हुआ है और उसको ये बिगाडना चाहते है।

श्री अध्यक्षः यह एग्रीमैंट कितने साल के लिए है?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, 25 साल तक उनको इसी रेट पर बिजली देनी पडेगी।

श्री अध्यक्षः उसके बाद क्या होगा वह म ानिरी कहां जाएगी?

चौधरी भजन लालः उसके बाद हमारे पास रहेगी, फिर उसका एग्रीमैंट होगा।

प्रो0 राम बिलास भार्माः स्पीकर साहब, क्या मुख्यमंत्री महोदय बताएंगे कि यह जो कंपनी इजराइल की है, जो बिजली की जनरे ान करेगी, क्या वह कंपनी कभी ब्लैक लिस्टिड रही है?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, सोचने की बात भी नही है। चौटाला साहब ने एक ब्यान दे दिया कि यह कंपनी ब्लैक लिस्टिड रहीहै। उस कंपनी का दूनिया मे दूसरा या तीसरा नंबर है। चाईना में भी मै गया हूं। चाईना मे इस कंपनी के 10 प्रोजैक्ट चल रहे है। इस कंपनी का नाम इतना उंचा है, जिसका कोई अंत नही है। आम आदमी इस कंपनी की तारीफ करता है। हम उसको क्या दे रहे है? लगा तो वे रहे है सब कुछ। इन्वैस्टमैट उनकी है।

चौधरी बंसी लालः अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री जी, 1 रुपया 92 पैसे मे बिजली का बडा सस्ता एग्रीमैंट करके आए है। एग्रीमैंट की कापी हाउस की टेबल पर रख दें तो बहुत अच्छा है।

चौधरी भजन लालः बंसी लाल जी, अभी एग्रीमैंट होना है। एक महीने के अंदर अंदर हो जाएगा। ज्यों ही एग्रीमैंट होगा, तो उसकी एक एक कापी सभी मैम्बर्ज को दी जाएगी।

श्री औम प्रका ा जिंदलः अध्यक्ष महोदय, मेरा एक टैक्नीकल प्वायंट है कि मुख्यमंत्री महोदय जी ने जो कहा है, वह बहुत सफाई के साथ कहा है और उसमे 95 प्रति ात ***** है, क्योंकि यह जिस प्लांटका जिक कर रहे है, वह लगना नही है। अगर लग जाये तो बहुत अच्छी बात है। लेकिन यह जो कह रहे है, यह सिर्फ पब्लिक को धोखा देने की बात की है। (विघ्न)

श्री अध्यक्षः झूठे भाब्द, कार्यवाही से एक्सपन्ज कर दिया जाए।

चौधरी भजन लालः कोई घपला तो नही हो रहा है। (ाोर)

श्री सतबीर सिंह कादयानः अध्यक्ष महोदय, अभी चौटाला साहब ने कहा कि ग्लोबल टैण्डर होना चाहिये जिसका मतलब है इंटरनै ानल बिड। यह कौन सी कंपनी है मुख्यमंत्री महोदय बताएं। हम तो इस तरह का प्रोजैक्ट चाहते है कि जो प्रदे ा की सब से ज्यादा सस्ती बिजली दे सके। अगर इस तरह का एग्रीमैंट

सरकार ने किया हो तब तो ठीक है। लेकिन मुख्यमंत्री महोदय ने आर्बिट्रेरिली आफ अन्डर स्टैंडिंग भी कर लिया। यह सब कुछ मुख्यमंत्री महोदय ने अपनी निजी स्वार्थ के लिये किया है। प्रदे ा के हितेा को ध्यान मे नही रखा गयाहै। इसलिए ग्लोबल टैंडर अव य होने चाहिए ताकि सरकार किसी दूसरी कंपनी को भी इस कंपनी से सस्ती बिजली देने का मौका दे सके जिससे हरियाणा प्रदे ा को सस्ती बिजली मुहैया करवायी जा सके।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, भारत सरकार ने अमेरिका, जर्मनी, जापान वगैरह बीसो कंपनियो से बातचीत करने के बाद ही सस्ती बिजली देने वाली इस कंपनी को हमारे हवाले किया और जब यह एग्रीमैंट फाईनल होगा तो भारत सरकार की ऐप्रूवल से ही होगा। ऐसा नही है कि हम सीधा ही इस तरह का एग्रीमैंट कर लेंगे बकायदा बैक की गारंटी, स्टेट बैंक की गारंटी, सबसे गारंटी के बाद काम आरम्भ होगा।

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः अध्यक्ष महोदय, मुख्यमंत्री का अपना खुद का ब्यान ही कंट्राडिक्टरी है। एक तरफ तो उन्होने यह कहा कि ऐसा कोई एग्रीमैंट नही हुआ और कहा कि इसके लिए ग्लोबल टेण्डर काल करने की आव यकता नही है। ग्लोबल टैण्डर क्या होते है यह तो ये समझ नही पाये। दूसरी तरफ यह कहा कि उस कंपनी ने 1.92 रुपये पर यूनिट के हिसाब से हमे बिजली देने के लिए मान लिया है और साथ यह कह रहे है कि वह कंपनी सबसे ज्यादा सस्ती बिजली दे रही है। क्या सरकार की

यह जिम्मेदारी नही थी कि किन्ही और कंपनी से भी पूछ लिया होता। हो सकता है कि कोई 1.40 रुपये पर यूनिट के हिसाब से बिजली देने के लिये तैयार होती। हो सकता है कि जिसकंपनी की ये सराहन कर रहे हैउससे इनका कोई नजदीकी रि ता रहा हो? लेकिन मै इस बहस मे नही पडना चाहता। अगर इसके अलावा किसी और कंपनी से एग्रीमैंट करते जोकि प्रदे ा को सस्ती बिजली दे सकती, तो इससे हमे काफी लाभ होता। यह स्टेट के इंट्रस्ट मे था। स्टेट के इंट्रस्ट को ध्यान मे रखना चाहिये था। कुछ कहने से पहले ये भूल जाते है कि उन्होने पहले क्या कहा था और अब क्या कह रहे है (ाोर)

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, क्या बात करे? अक्ल का और इनका कोई मेल नही है। (ाोर) मैने पहले कहा कि 10 कंपनियो से भारत सरकार ने एन0 टी0 पी0 सी0 ने बात की है। (ाोर)

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः अध्यक्ष महोदय, एक तरफ तो यह कह रहे है कि उसने सस्ती बिजली दी है दूसरी तरफ यह कह रहे है कि भारत सरकार ने लिखकर दे दिया कि टेण्डर कर सकते है। मै आपके द्वारा यह जानना चाहता हूं कि क्या मुख्यमंत्री को इस बात का ज्ञान है कि भारत सरकार के होम मिनिस्टर इस बात की जांच कर रहे है कि भारत सरकार के उर्जा मंत्री का इस कंपनी के साथ क्या रि ता है? क्या इस प्रकार की जानकारी उनके पास है? इसके साथ साथ मुख्यमंत्री यह भी बताएं

कि क्या केन्द्र के उर्जा मंत्री ने इस मामले मे आपको कोई पत्र लिखकर भेजा है कि दो अक्तुबर को आप ईजराइल जा रहे है और आईजन वर्ग नाम की कंपनी के साथ आप इसप्रकार का सौदा कर आएं। इन मेरी दो बातो का मुख्यमंत्री महोदय स्पश्टीकरा दे ताकि हाउस को व हरियाणा की जनता को सही हालत का पता चल सके।

चौधरी भजन लालः जो खुद ********** होता है वह सब को ********** समझता है। अध्यक्ष महोदय, इनको होम मिनिस्टरी का भी अब पत चल गया। ये कहते है कि सैंअर मे जो उर्जा मंत्री है, उनका उस कंपनी वालो के साथ क्या रि ता है? तो इसका मतलब यह हुआ कि होम मिनिस्टर वाले पहले इनको चिठठी दिखाते है। (ाोर) अध्यक्ष महोदय, हमारा एग्रीमैंट हो गया कि 1.92 रुपये से ज्यादा एक युनिट का रेट नही होगा। इससे कम रेट वाला कोई और नही था। हमने दस कंपनियो से पूछा था।

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः हमे एम0 ओ0 ू0 की कापी दी जाए। (ाोर)

बैठक का समय बढाना

श्री उपाध्यक्ष : अगर हाउस की सैंस हो तो हाउस का समय आधा घंटा बढा दिया जाए।

आवाजेंः ठीक है जी।

श्री उपाध्यक्ष : ठीक है हाउस का टाईम आधा घंटा और बढाया जाता है।

नियम 84 के अधीन प्रस्ताव

हरियाणा सरकार द्वारा हस्ताक्षरित यमुना जल समझौते संबंधी (पुनरारम्भ)

चौधरी औम प्रका ा चौटाला: अध्यक्ष महोदय, मै आपसे यह पूछना चाहता हूं कि क्या "*" लफज़ पार्लियामैंटरी लफज़ है। मुख्य मंत्री ने इस लफज़ को बार बार यूज किया है। क्या इनको पिछला सै ान याद नही है।

श्री अध्यक्ष: यह भाब्द रिकार्ड न किया जाए।

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, जैसे कोई भाशा बोलेगा उसका जवाब वैसे ही दिया जाएगा। (ाोर)

चौधरी औम प्रका ा चौटाला: मै इस सरकार को * * * और कायर सरकार कहता हूं?

चौधरी भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, इस मर्द के हाथ पांव तो देखो। (ाोर)

चौधरी औम प्रका ा चौटाला: मै ** ** ** ** ** ** से बात नही करुंगा।

श्री अध्यक्ष: यह बात रिकार्ड पर न लाई जाए।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इनका एक ही है कि ऐग्रीमैंट होकर कही स्टेट के किसानो को बिजली और पानी न मिल जाए। ये प्रदे ा के किसानो को गरीब और पिछडा रखना चाहते है। अगर लोगो के पास साधन होंगे तो इनको कौन पूछेगा इसलिए ये लोगो को बैकवर्ड रखना चाहते हैं। इन्होने अपने जमाने में चार साल में एक भी थर्मल प्लांट की आधारि ाला रखी हो तो बता दें। ये काम करना तो जानते हीनही है। ये तो लूटने के लिए आते है। चाहे कोई नौकरी का बात हो चाहे कोई और काम हो। इनका काम तो लूटने का था। ये नै ानल हाई वे को फोर लेनिंग का काम बन्द करवा कर चले गए।ये भी जानते है और लोग भी जानते है कि दोबारा मु कल से हाथ पैर जोड कर हम उस फोन लेनिंग के काम को पूरा करवाने जा रहे है। अध्यक्ष महोदय, आप इनका करतूतो को और करानामो को जाते है। इनकी मं ाा यह है कि अगर कोई प्लांट बनना भाुरु हो गया, तो जनता इनको वोट नही देंगी। (ाोर)

श्री कृश्ण लालः स्पीकर साहब, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। जैसे मुख्य मंत्री जी ने कहा कि पूर्व सरकार ने किसी थर्मल पावर प्रोजैक्ट की आधारि ाला नही रखी। पानीपत थर्मल पावर प्रो जैक्ट के फर्स्ट और सेकिण्ड युनिट का काम 1977 में भाुरु हुआ था और फर्स्ट यूनिट में 1979 में प्रोडक ान भाुरु कर दी थी। यह रिकार्ड की बात है। सैकिण्ड युनिट ने 1980 में

प्रोडक ान भाुरु कर दी थी जिसका बिजली बोर्ड के कर्मचारियो को बोनस भी मिला था। आप इसको चैक करवा लें।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, यह क्या बात करते है। इन्होने एक बात कह दी कि हमने एक्सप्रैस हाई वे का एग्रीमैंट इनो कम्पनी को दे दिया। अभी उसके बारे में एम0 आ0 यू0 है। अभी वह सोर्ट–आउट हो रहा है। वह कम्पनी एक्सप्रैस हाइवे बनाएगी। सारी दुनिया उस कम्पनी के पीछे घूम रही है। दिल्ली वाले कहते है कि हमारे यहां आ कर रोड बनाए। उत्तर प्रदे ा वाले कहते है कि हमारे यहां आ कर रोड बनाए और गुजरात वाले कहते है कि हमारे यहां आ कर रोड बनाए। उस कम्पनी ने पैसे की कोई बात नही कही है। पैसे के बारे में उनका सिर्फ यक प्रोग्राम है ि कवह टोल टैक्स से पैसा वसूल करेंगे। आप सभी जानते है कि जी0 टी0 रोड रपर बहुत हैवी ट्रैफिक है। एक्सप्रैस हाइवे 6 लेन का बहुत ही भाानदार रोड बनेगा। उससे लोगो को यातायात की सुविधा हो जाएगी। आजकल नै ानल हाइवे पर रोजाना एक्सीडैंटस से चार या पांच लोग मरते है और कोई भी दिन ऐसा नही होगी जिस दिन नै ानल हाइवे पर एक्सीडैंटस से चार पांच आदमी न मरते हों। यह 6 लेन का रोड बन जाने के बाद लोगो का बहुत बचाव हो जाएगा। लेकिन अभी इस बारे में सोर्ट आउट करके देख रहे है कि लोगो से लम्बे अर्से तक कम से कम टोल टैक्स का पैसा ल करके कैसे वसूल किया जा सकता है। यह बकायदा मिटिंग करके सोर्ट–आउट किया जा रहा है। लेकिन

मेरे विरोधी पक्ष के भाईयो का एक ही मकसद है कि स्टेट में विकास का कोई काम न हो। इनका और कोई मकसद नही है। अध्यक्ष महोदय, अब मै यमुना के बारे में बात करुंगा। यमुना जल का ऐग्रीमैंट 1954 में हुआ था और वह सन् 2000 तक के लिए हुआ था। सन् 2000 में अभी साढे पांच साल बाकी रहते है। साढे पांच साल के बाद, चौधरी बंसी लाल जी आप जरा ध्यान से सुन लीजिए क्योंकि आपको एक कान से ऊंचा सुनता है इसलिए दूसरे कान से ध्यान दे कर सुन ले। (हंसी)

चौधरी बंसी लालः मुझे तो एक कान से ऊंचा सुनता है या नही लेकिन आपको एक आंख से दिखता ही नही है। (हंसी)

चौधरी भजन लालः आप जरा मेरी आंख की तरफ अपनी उंगली करके देखे। मुझे कौन सी आंख से कम दीखता है? (हंसी)

चौधरी बंसी लालः आप जरा अपने च मे उतारे (हंसी)

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, सन् 2000 खत्म होने के बाद यह नए सिरे से ऐग्रीमैंट होता तो चौधरी बंसी लाल जी उसमें कितने झमेले होते। यह मै आपको अलग से बता सकता हूं।

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। यमुना जल के बारे में जो 1954 का ऐग्रीमैंट था, वह सन् 2000 में रीन्यू ही होना था। कोई नया

ऐग्रीमैंट नही हो सकता था। उस पानी में उतर प्रदे ा और हरियाणा प्रदे ा के अलावा किसी का भी हिस्सा नही है। यमुना जल के बारे में 1954 से पहले जो ऐग्रीमैंट हुआ था, वह ऐग्रीमैंट 1954 मे रीन्यू हुआ था नया ऐग्रीमैंट नही हुआ था इसलिए सन् 2000 मे भी यह रीन्यू ही होना था। नया ऐग्रीमैंट नही होना था। हम इसको भी नही होने देंगे। हम इसको रोकैंगे। चाहे हमें इसके लिए अपनी जान की बाजी लगानी पडें। हम इसको रोकेंगे। (ाोर)

चौधरी भजन लालः इसको राकने की आपकी क्या हैसियत है? जो ऐग्रीमैंट होता है, वह रीन्यू नही होता है। वह नए सिरे से नया ऐग्रीमैंट होता है। (ाोर)

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः आपने जो ऐग्रीमैंट किया है, हम उसको रोकेंगे। (ाोर)

चौधरी भजन लालः आप कौन होते है इसको रोकने वाले? (ाोर)

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः हम एक बूंद भी पानी नही देंगे। यह बात हम फिर दोहरा रहे है। हरियाणा प्रदे ा किसी के बाप की बपौती नही हैं यह हरियाणा प्रदे ा के 1.60 करोड लोगो का पानी है। हमारा यह अंतिम फैसला है कि हम इसको रोकेंगे।

चौधरी भजन लालः क्या हरियाणा प्रदे ा आपके बाप की बपौती है। आप इसको रोक कर दिखाएं। (ाोर)

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः आप देख लेना, हम इसको रोकेंगे। (ाोर)

चौधरी भजन लालः इसको रोकने की आपकी हैसियत क्या है? आप अपनी गलतियो की वजह से अपना दिवाला निकाल कर आज हमारे सामने बैठे है। (ाोर) जिसके पिता की इस दे ा का डिपटी प्राईम मिनिस्टर होते हुए भी जमानत जब्त होते होते बची है, इससे बुरी बात और क्या हो सकती है। आप क्या बोलते है? (ाोर) जनता का कुछ काम किया है आपने। तभी तो आपका यह हाल हुआ है। हमने जनता का काम किया है। भजन लाल ने आज तक कोई इलैक ान नही हारा। और सुनो तीन बार मै आपके **********(ाोर) आप क्या बोलते है?

श्री अध्यक्षः डण्डा देने वाली बात को रिकार्ड न किया जाएं

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः अध्यक्ष महोदय, क्या मुख्य मंत्री महोदय को यह अधिकार है कि जैसा चाहे बोल दें। स्पीकर साहब ***** भाब्द को एक्सपंज करने से काम नही चलेगा। ऐसे ***** देने वाले बहुत देखे है। ये ***** देने वाले कौन? आप इनको सभ्य बात करनी सिखाएं। यह केवल

एक्सपंच करने का सवाल नही है। हम इसको एक्सपंज की बात से नही मानेंगे। ये ऐसी बात कैसे कह सकते है?

चौधरी भजन लालः इन्होने वाक आउट करके जाना है।

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः अध्यक्ष महोदय, हम केवल एक्सपंच करने की बात को न ही मानेंगे।

Mr. Speaker: it has already been expunged.

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः हम माफी मांगने से कम मानने वाले नही ै। अध्यक्ष महोदय, क्या इनको अप ाब्द करने का अधिकार है? हम इस हाउस के सम्मानित सदस्य है। हम किस के रहमोकरम पर नही है? मुख्य मंत्री महोदय का हाउस में माफी मांगनी होगी। केवल एक्सपंज करने से काम नही चलेगा। (विघ्न) हमें माफी मंगवाने का अधिकार है। पहले भी मंगवाई है और अब भी इनसे माफी मंगवाएंगे। (ाोर) अध्यक्ष महोदय हमारे बार बार कहने के बावजूद भी ऐसा बात हुई है। (ाोर) हम इस बात को बर्दा त नही करेंगे। इस प्रकार के अनरगल अल्फाज़ इस्तेमाल करना, क्या लीडर आफ दि हाउस के लिए भाोभा देता है? आपकी मौजूदगी में बार बार कहने के बावजूद भी ये ऐसे भाब्द इसतेमाल किए जा रहे है। जब तक मुख्य मंत्री अपने अल्फाज़ आवास नही लेगें, खेद व्यक्त नही करेंगे, हम उससे कम मानने वाले नही है। इनकी तो आदत पडती जा रही है। मै इस बारे में आपकी रुलिंग चाहता हू। खाली ऐसे एक्सपंज करने से काम नही

चलेगा। इनकी हाउस के सदस्यो का अपमान करने की आदत बन गयी है। हम ऐसी बातो को बर्दा त नही करेंगे (ाोर)

श्री अध्यक्षः आप सभी बैठिए।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोद एक बात में ही मै सारी बातें खत्म करना चाहता हूं अध्यक्ष महोदय, मैने * * * * * देकर बना हूं, यह लफज़ कह दिया है, इसको वापस लेता हू। लेकिन बकायदा इनको धूल चटा कर बना दूं, यह बात तो सही है। (ाोर)

चौधरी बंसी लालः अध्यक्ष महोदय, अप इनको कहें कि ये अपना फ्रैंडली मैच खत्म करे और मतलब की बात कहे।

श्री सतबीर सिंह कादयानः दिल्ली में एक ही केण्डीडेट के समर्थन में भजन लाल भी रैली को संबोधित कर रहे है और बंसी लाल भी कांग्रेस पार्टी के समर्थन में बोल रहे हैं। दिल्ली में किसी एक जगह से श्रीमती किरण चौधरी चुनाव लड रही थी, उसी के समर्थन में ये विकास पार्टी वाले भी बोल रहे है और कांग्रेस वाले भी जबकि यह कैण्डीडेट कांग्रेस पार्टी की ही थी। उस समय चौधरी बंसी लाल जी की विकास पार्टी को क्या फ्रैंडली मैच नही हो रहा था? अब ये इसको फ्रैंडली मैच बता रहे है। (ाोर)

राजस्व मंत्री(श्री निर्मल सिंह): अध्यक्ष महोदय, मै जानना चाहता हूं कि इनहोने जो भाब्द सरकार के बारे में इस्तोल किया, क्या वह पार्लियामैंटरी है?

श्री अध्यक्षः निर्मल सिंह जी, आप भी बैठिए।

सिंचाई मंत्री (चौधरी जगदी ा नेहरा): अध्यक्ष महोदय इन्होने * लफज़ कहा है, इस बारे में मै आपकी रुलिंग चाहता हूं कि क्या यह लफज़ पार्लियमैंटरी लफज़ है। ये सरकार के लिए भाब्द कह रहे है क्या यह लफज़ पार्लियामैंटरी है? (विघ्न एवं भाोर) अध्यक्ष महोदय, इसके साथ ही मै ह भी कहूंगा कि इनको भी बोलना सीखना चाहिए। (विघ्न एवं भाोर) अध्यक्ष महोदय, हम इस बारे में आपकी रुलिंग चाहेंगे कि क्या "*" भाब्द पार्लियामैंटरी है, यदि नही, तो ये श्रीमान् जी इस लफज को वापिस लें। (विघ्न एव भाोर)

श्री अध्यक्षः इस लफजत्र को कार्यवाही से निकाल दिया जाये। अब आप बैठिए। (विघ्न एवं भाोर)

चौधरी जगदी ा नेहराः स्पीकर साहब, मै आपके माध्यम से इनसे चाहूंगा कि ये अपना लफज़ वापिस लें। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, अगर ये हाउस की कार्यवाही नही चलने देना चाहते तो हम भी कमजोर नही है। यह कोई तरीका नही है, इन्हे भी अपना लफज़ वापिस लेना चाहिए। (ाोर एवं व्यवधान)

श्री अध्यक्षः नेहरा साहब, यह भाब्द कार्यवाही से निकाल दिया गया है। That is all अब आप बैठिए। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी जगदी ा नेहराः अध्यक्ष महोदय, मेरी यह गुजारि ा है कि दोनो तरफ से एक जैसी बात होनी चाहिए। ऐसा

नही होना चाहिए कि ये कहें कि हम तो वाक–आउट कर देंगे या काम नही चलने देंगै। अध्यक्ष महोदय, अगर सदन में सही तरीके से बोलने की बात ये लोग करते है तो इन्हे खुद भी सही बोलना चाहिए। (विघ्न) स्पीकर साहब, इन्हे अपने भाब्द के लिए हाउस में माफी मांगनी चाहिए। अध्यक्ष महोदय, हाउस का डैकोरम एक तरफ से नही चल सकता। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लालः बटोडे से क्या कभी गुड की भेली निकलेगी। बटोडे में गुड की भेली कहां से आएगी। (विघ्न) अध्यक्ष महोदय, यमुना नदी का जो फैसला हुआ है, यह एक बहुत बडा ऐतिहासिक फैसला हुआ है। आप जानते है कि 1970 से यह मामला अटका पडा था। इस मामले को अटके हुए 24 साल हो गए है। पहले जो मुख्य मंत्री रहे है, वे भी कोि ा ा करते रहे है लेकिन इस बारे में कोई फैसला नही हो पााया। यह बहुत ही भााानदार फैसला हुआ है। कुछ बात राम बिलास भार्मा जी ने कही। कुछ ठीक बात कही। कुछ बोल बात कही। अध्यक्ष महोदय, मुझे एक बात याद आई। किसी ने खागड से पूछा अक दुडकै सै। वो बोलाः खागड सूं, अर छेरा भी करै, अक गाय का जाया हूं। (विघ्न) राम बिलास भार्मा जी ने कुछ ठीक बात कही। (विघ्न) ये ब्राहमण है और भाुद्ध आदमी है। (विघ्न) मैने तो तारीफ ही की है। (विघ्न)

प्रो0 राम बिलास भार्माः अध्यक्ष महोदय, मै आपके माध्यम से इनको यह कहना चाहूंगा कि स्टेट का मुख्य मंत्री होते

हुए भी ये हरियाणा के हितो की रक्षा नही कर पाए। स्टेट के हितो की रक्ष्द्वाा करने में ये नाकामयाब रहे। (विघ्न)

चौधरी भजन लालः मैने हरियाणा के हितो की रक्षा कैसे की है, मै सउसी बात पर आ रहा हूं। अध्यक्ष महोदय, बहुत ही भाानदार और बढिया फैसला हुआ है। आप जानते है कि पूरे मुल्क में स्टेटो के आपस में कितने झगडे है। चाहे कांवेरी का झगडा है। चाहे नर्मदा का झगडा है। अध्यक्ष महोदय, यह फैसला करके हमने सारे मुल्क को एक रास्ता दिखाया है। 5 मुख्य मंत्री जो अलग अलग पार्टी से ताल्लुक रखते है, उसमें दो कांग्रेस के, दो बी0 जे0 पी0 के और एक एस. पी. और बी एस पी एलायन्स के मुख्य मंत्री भाामिल हुए और बैठकर ऐसा भाानदार फैसला किया है, जिसकी पूरे मुल्क में प्र ांसा हुई है। लोग आज यह कह रहे है कि इस तरह से मुख्य मंत्रीयो को बैठ कर आपस में फैसले करने चाहिए ताकि ने ान का नुकसान न हो। अध्यक्ष महोदय आज नै ान का सवाल हैं पानी कही भी जाया जाए, उससे सारे ने ान का नुकसान होता है। इसी बात को सामने रख कर भारत सरकार ने एक ने ानल पॉलिसी के तहत यह फैसला किया है। जिन राज्यो में पीने के पानी का संकट है, उन राज्यो में पीने के पानी का इन्तजाम होना चाहिए और उनको पीने का पानी दिया जाना चाहिए। अध्यक्ष महोदय चौधरी बंसी लाल ने कहा कि दिल्ली को पीने के लिए पानी दे दिया।

चौधरी बंसी लालः इसमें पेज तीन पर कलाज तीन में यह लिखा हैः—

"Provided also that in a year when the availability is less than the assessed quantity, first the drinking water allocation of Delhi would be met and the balance will be distributed amongst Haryana, U.P., Rajasthan and Himachal Pardesh in proporation to their allocation."

तो अध्यक्ष महोदय पीने के पानी की प्रायरिटी सिर्फ दिल्ली को ही दी गई है। हरियाणा के लोगो को नही दी गई है। मुख्य मंत्री जी जो बात कह रहे है, वह गलत है।

चौधरी भजन लालः बसी लाल जी आप मेरी बात तो सुने। दिल्ली को पानी कहां से जाएगा। मेरा ख्याल है कि वह हरियाणा से होकर ही जाएगा। अगर यमुना मे पानी होगा तभी तो दिल्ली को पानी मिलेगा। दिल्ली को मिलने से पहले तो हरियाणा को मिलेगा।

चौधरी बंसी लालः अध्यक्ष महोदय मुख्य मंत्री जी जो बात जुबानी कह रहे है उससे ऐग्रीमैंट की सैंस नही बनती है। इसलिए इन्हे चाहिए कि एक क्लाज अलग से बना लें। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लालः बंसी लाल जी, आप ऐग्रीमैं को पढ लेना। तभी आपको पता चलेगा कि ऐग्रीमैंट में क्या है।

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः अध्यक्ष महोदय ऐग्रीमैंट के हिसाब से दिल्ली को पानी देने के बाद हरियाणा को बचा हुआ पानी दिया जाएगा। अब हम ऐंग्रीमैंट को माने या मुख्य मंत्री जी की बात को माने। अब तो ये एग्रीमैंट से मुनक रहे है।

चौधरी भजन लालः आप पहले ऐग्रीमैंट तो सुन लें। हमने जो ऐग्रीमैंट किया है, यह बहुत ही भाानदार है और हरियाणा के हितो के लिए है। 1974 से लेकर आज तक हमने 20 साल में ताजेवाला से जो पानी इस्तेमाल किया है, वह 19974–75 मे 2.20 बी0 सी0 एम0, 1975–76 में 2.30 बी0 सी0 एम0 और उसके बाद 1.74, 2.29, 2.26, फिर इसके बाद 2.220, 1980–81 में 2.190, 19981–82 में 2.10, 1982–83 में 2.530, 1983–84 में 2.66 बी0 सी0 एम0 इस्तेमाल किया है। एक दफा जो पानी हमने सबसे ज्यादा इस्तेमाल किया है, वह 1985–86 में 3.190 बी0 सी0 एम0 है।

श्री अध्यक्षः इसकी ऐवरेज क्या है।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय मै अगर सारी की ऐवरेज निकाले तो यह पौने तीन के करीब बैठेगी। (विघ्न) आप पहले सुन ले फिर जो कहना है, कह लेना।

चौधरी बंसी लालः अध्यक्ष महोदय, मै मुख्य मंत्री जी से यह कहना चाहता हूं कि ये पहले हमें बोल लेने दे। फिर मुख्य

मंत्री जी चाहे तो जवाब दे दें। हमें कोई ऐतराज नही होगा। इसमें लिखा है कि :–

"Punjab and U.P. will have the right to utilize the excess water over 10900 cs. in the ration of 2/1....."

यह जो ऐग्रीमैंट मुख्य मंत्री जी करके आए है, उसमें हरियाणा कापानी 5.730 बी0 सी0 एम0 होगा और यू0 पी0 का पानी 4.32 बी0 सी0 एम0 होगा। वह एक तिहाई नही रहा बल्कि उतर प्रदे ा का पानी बढ रहा है।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, हमारी जो ऐवरेज आई है, वह 3.56 बी0 सी0 एम0 की है ओर यह टोटल है।

प्रो0 सम्पत सिंहः अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री जी हमें टोटल बताएं। ये जो बता रहे है, वह गलत बता रहे है। मुख्य मंत्री जी, यह आंकडे आप दोबारा देखे। आप हमें टोटल पानी के आंकडे देख कर बताएं। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, ये बात तो सुन नही रहे है। इन्हे आप कहे कि पहले हमारी बात तो सुन लें। ये ऐसी बाते करके हाउस को गुमराह कर रहे है। (ाोर एवं व्यवधान)

प्रो0 सम्पत सिंहः गुमराह हम नही, ये कर रहे है।

श्री अध्यक्षः जो गवर्नमैंट का स्टेटमैंट है, वह सही है। उसमे गुमराह करने वाली कोई बात नही है। आप मुख्य मंत्री जी की बात सुनें। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, ताजेवाला का टोटल पानी इतना ही है। जो ऐग्रीमैंट हमने किया है उसमे ताजेवाला का पानी हमको 5.23 बी0 सी0 एम0 मिलेगा। जबकि हमने पिछले बीस सालो में आज तक भी 3.56 बी0 सी0 एम0 से जयादा पानी इस्तेमाल नही किया है। (ाोर एवं व्यवधान)

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर सर, यह ऐग्रीमैंट कहां पर है? यह हमें भी तो बताएं। मै इनको चैलेंज करता हूं। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी भजन लालः आप एक मिनट सुनने की कृपा तो कीजिये। (ाोर)

श्री अध्यक्षः सम्पत सिंह जी, आप पहले मुख्य मंत्री जी की सारी बातें सुन लीजिए। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः अध्यक्ष महोदय, मुख्य मंत्री जी को एक बात का स्पश्टीकरण करना चाहिए कि कभी तो यह ताजेवाला की बात कहते है और कभी यह यमुना की बात कहते है।

चौधरी भजन लालः मै ताजेवाला की बात कर रहा हूं कि ताजेवाला में हमने ज्यादा पानी लिखा है। (ाोर एवं व्यवधान)

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः अध्यक्ष महोदय, मेरा प्वायंट आफ आर्डर है। मुख्य मंत्री जी इस बात को स्पश्ट करे। पहले तो यह कह रहे थे कि यह सारा पानी है और जब सम्पत सिंह ने दो बार इनसे पूछा कि क्या यह साराा यमुना का पानी है? तो अब मुख्य मंत्री जी कहते है कि मै ताजेवाला की बात कर रहा हूं।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इसके अलावा ओखला पर आज तक हरियाणा को पानी नही मिलता था लेकिन हमने नये ऐग्रीमैंट में ओखला में भी हरियाणा का भोयर 0.50 बी0 सी0 एम0 लिया है।

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, आप एक बार सन् 1954 का ऐग्रीमैंट देख तो लिजिए।

श्री अध्यक्षः सम्पत सिंह जी पहले आप बैठिये और मुख्य मंत्री जी को सारी बाते कहने दें। (ाोर) आप मुख्य मंत्री जी को बीच बीच में न टोके।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, ओखला में कभी पानी का हमारा हिस्सा नही था लेकिन हमने ओखला में भी हरियााा का भोयर 0.50 बी0 सी0 एम0 लिया है। कुल मिलाकर 5. 73 बी0 सी0 एम0 पानी हमने लिया है जो कि आज तक के

इतिहास में सारी यमुना से हरियाणा को पानी नही मिला है। जितना पानी हमें अब मिला है, उतना पानी हमने पहले कभी इस्तेमाल नही किया है।

बैठक का समय बढाना

श्री अध्यक्षः यदि हाउस की सहमति हो तो हाउस का समय 15 मिनट के लिए बढा दिया जाए।

आवाजें: ठीक है।

श्री अध्यक्षः ठीक है। हाउस का समय 15 मिनट के लिए बढाया जाता है।

नियम 84 के अधीन प्रस्ताव–

हरियाणा सरकार द्वारा हस्ताक्षरित यमुना जल समझौते सम्बन्धी (पुनरारम्भ)

चौधरी बंसी लालः अध्यक्ष महोदय, एक बात तो कंफयूजन मे पड गयी। वह यह कि चौधरी सम्पत सिंह जी कह रहे है कि इतना पानी नही था और मुख्य मंत्री जी ने कहा, इतना पानी था। हम इस चक्कर में नही जाते कि कितना क्या था? हम तो ऐग्रीमैंट पर जाते है। पहले के एग्रीमैंट के हिसाब से 5890 क्यूसिक पानी अगर दरिया मे चले तो 66 परसैंट हरियाणा का और 34 परसैंट यू0 पी0 का था। 5890 से 8790 क्यूकि पानी इरिया मे चले तो 77 परसैंट हरियाणा का व 23 परसैंट यू0 पी0

का था। 8790 से 9280 क्यूसिक चले तो 73 परसैंट हरियाणा का व 27 परसैंट यू0 पी0 का था। 9280 से 10900 क्यूसिक से ज्यादा चले तो दो तिहाई पानी हरियाणा का एक तिहाई यू0 पी0 का था। हमें मुख्य मंत्री जी, इसमें बता दे कि वह क्लाज कहा है जिसमें यह है कि हरियाणा को 2/3 पानी मिलेगा और यू0 पी को एक तिहाई पानी मिलेगा? क्योंकि इस ऐग्रीमैंट से तो ऐसा लगता है कि हरियाणा का 5.730 बी0 सी0 एम0 और यू0 पी0 का 4.034 बी0 सी0 एम0 होगा। इस हिसाब से तो यह रे ाो बिगड गई, इसकी क्लेरीफिके ान दे?

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, सवाल यह नही है कि आज टोटल कितना पानी अवेलेबल होगा। इस नदी पर कोई डैम नही है जैसे भाखडा का डैम है। इस नदी में तो पानी का फलो आता है जो बाढ के समय ज्यादा आएगा और बाद में कम पानी चलेगा। इसलिए, स्पीकर साहब, जो गेज लगे हुए है, पहले ताजेवाला पर थे, अब जब हथिनीकुंड बैराज बन जाएगा तो उसपर गेज होगें। जैसे पहले गेज के हिसाब से था वैसे अब नही है। 1954 का आपके पास एग्रीमैंट नही है तो वह मंगवा ले। एक स्टेज पर पानी 10900 क्यूसिक होता हे तो पानी का फलो चेंज होता रहेगा। बरसात में ज्यादा होगा। बाद के टाईम में कम होगा। लेकिन सवाल टोटल पानी का भी है। टोटल पानी में, अगर यह कहते है कि ताजेवाला से जिस तरह से निकलता था, वहांसे पानी छोडते थे, जो डिस्ट्रीब्यू ान सिस्टम था, उस डिस्ट्रीब्यू ान

सिस्टम को इनहोन इस बार चेंज नही किया। टोटल मिलियन क्यूबिक पूरे साल का लिया है और यह बन जाता है 10900 मे से 2500 यू0 पी का और 8400 हरियाणा का। यह 77 परसैंट बनता है। अगर यह ताजेवाला से मिल रहा था तो वह कितना हो, यह बात अलग है लेकिन पहले उसका 77 परसैंट मिल रहा था। आज परसैंटेज के हिसाब से 11.983 बी0 सी0 एम0 का एग्रीमैंट करके आए है और इस 11.983 मे से 5.730 आपको मिलेगा। यह सिर्फ 47 परसैंट बनता है। टोटल वाटर मे से इस तरह से क्लीयर कट 30 परसैंटपानी लूज किया है। इसकी पूर्ती कहां से करेंगे, यह बताएं?

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): अध्यक्ष महोदय, यह गलत तरीके से बात को मोड कर इस ढंग से पे ा करते है कि क्या कहूं? काफी भाानदार फैसला हुआ है, पहले से पानी फालतू लिया है। ओखला पर पहले हमारा हिस्सा नही था। हमने ओखला पर हिस्सा लिया है। चार ऐग्रीमैंट हुए है।

श्री अध्यक्ष: अगर ओखला पर हिस्सा नही था, तो गुडगांव कैनाल और आगरा कैनाल पर पानी कैसे आ रहा था? (विघ्न)

चौधरी भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, पहले रेनी सीजन मे आता था, अब हिस्से से आएगा।

प्रो0 सम्पत सिंहः स्पीकर साहब, वह टोटल मे से जाएगा। अलग पानी नही है।

सिंचाई मंत्री (श्री ऐ0 सी0 चौधरी): स्पीकर साहब, अपोजी ान के भाईयो ने कुछ बाते यहां हाउस में रखी है जिसका जवाब सरकार दे रही है। मै आपसे अनुरोध करुंगा और आपकी रुलिंग भी चाहूंगा कि अगर इन भाईयो को सरकार की किसी स्टेटमैंट पर कोई भाको– ाुबहा है तो वे मेहरबानी करके, सरकार को बीच में न टोक करके अपनी भांकाए अलग से लिख दे और स्टेटमैंट पूरी होने के बाद अपनी भांकाओ का समाधान सरकार से करवाएं लेकिन इस तरह से बीच बीच में उठकर इस तरह हाउस का समय बर्बाद न करे।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय 2/3 का भी हिसाब किताब मै इनको बता दूं। हमको मिला हैः 5.73 और उनको मिला हैः2.33। अब ये खुद ही हिसाब लगा ले कि यह दो–तिहाई है या नही। इसके साथ साथ मै यह भी बता दूं कि यह जो ऐग्रीमैंट हुआ है, वह हथिनी कुंड बैराज का है अगर यह न बने तो हरियाणा प्रदे ा का सत्याना ा हो जाएगा। हथिनी कुण्ड बैराज में सन् 1973 मे बाढ आने से कै ा आ गये थे और उसके बाद 1988 मे भी बाढ आयी और बहुत बडे बडे कैक आ गये। अगर ज्यादा बरसात फिर हो जाए और ताजेवाला हैड बह जाए तो एक बूंद भी पानी हरियाणा को नही मिलेगा। उससे यह सारा पानी दिल्ली से आगे उतर प्रदे ा की ओर आगे बह कर चला जाएगा।

बांध टूटने के कारण और बरसात के दिनो में हर छटे–महीने हरियाणा के किसानो को 55 करोड रुपये किसानो का नुकसान होता। इतनी बुरी हालत होती थी। इस हथिनी कुंड के बनने से किसानो को बहुत फायदा होगा। इससे दूसरा फायदा यह हे कि इस वक्त इसको कपैसिटी 14000 क्यूसिक की है और अब कपैसिटी होगी 27900 कुछ की। (ाोर) अध्यक्ष महोदय, अब पानी कम है और जब बरसात होगी तो पूरा पानी आएगा। (ाोर)

चौधरी औम प्रका ा चौटाला: अध्यक्ष महोदय, हमारे मे से कोई भी नही बोलेगा, अगर मुख्य मंत्री जी हमारी कुछ बातो का स्पश्टीकरण कर दें कि टोटल भोयर हमारा कितना ताजेवाला से, कितना ओखला से, कितना रेणुका से और कितना किसाऊ से बनता है। बस इतना ही बता दे और हमारे मे से जैसे मैने पहले कहा, कोई नही बोलेगा। लेकिन मुख्य मंत्री अपनी ही बातो को बदल रहे है। बस, यही बता दे कि कहां कहां से हरियाणा को कितना कितना पानी मिलेगा।

श्री अध्यक्ष: चौटाला साहब पहले आप इनकी बात तो सुनिये।

चौधरी भजन लाल: अध्यक्ष महोदय, मैने बताया कि जब हथिनी कुंड बैराज बनेगा तो उससे हरियाणा को बडा फायदा होगा।

श्री अध्यक्ष: इससे आपकी नहर डबल होगी क्या?

चौधरी भजन लालः जी हां। बरसात के दिनो में हरियाणा के किसान सावनी की फसल, खरीफ की फसल को पकाएंगे और रबी की फसल की बुवाई करवा देंगे। अध्यक्ष महोदय, उससे एक तो सावनी की फसल पकेगी और दूसरी तरफ वह आशाढी की फसल की बुवाई करवा देगी। अगर गर्मियो में एक बरसात हो जाएगी, तो उससे अशाढी की फसल भी पक जाएगी। रेणुका और किसाऊ डैम न बनने की वजह से प्रदे ा का बहुत नुकसान हो रहा था। कई बार तो वहां पर चार पांच लाख क्यूसिक पानी हो जाता है। वह उपर से सारा बह जाता था और वह पानी बिहार तक नुकसान करता था। अब ये डैम बनेगे और उसके बाद बिजली भी बनेगी। ये कहते है कि रेणुका और किसाऊ डैम में हमारा हिस्सा नही है।

चौधरी बसी लालः अध्यक्ष महोदय, मै एक कलैरिफिके ान चाहता हू कि जो किसाऊ बांध बनेगा, वह पुरानी साईट पर बनेगा या किसी नई साईट पर बनेगा? हमारी इतलाह यह है कि पुरानी साईट पर यू0 पी0 वालो ने पावा हाउस बना लिया है।

चौधरी भजन लालः ऐसी बात नही है। पावर हाउस तो उसके और नीचे बनाया है। जहां हथिनी कुंड में बैराज बनेगा, वहां अप स्ट्रीम मे पानी डालना पडेगा। (विघ्न) मै एग्रीमैंट की ही बात कह रहा हूं। (विघ्न)यह सदन है, गांव की गली नही है। आपको सोच समझ कर बात कहनी चाहिए। भजन लाल जो बात

कहता है वह रिकार्ड के हिसाब से कहता है। जो यह डैम बनेगे उनमें भोयर के मुताबिक पानी मिलेगा। गर्मियो में कई बार यमुना का पानी 1500 क्यूसिक तक आ जाता है। ये डैम बनने के बाद इसका पानी 6–7 हजार क्यूसिक तक जरुर रहेगा। इन्होने कहा कि दादुपुर और नलवी नहर को कहां से पानी देंगे। मैने बताया था कि हैड पर 27900 क्यूसिक पानी होगा। इससे हरियाणा प्रदे ा के लोगो को फायदा होगा। ये डैम बनने के बाद 16 मैगावाट बिजली और नई पैदा करेंगे। ये लोग इस बात को समझते नही है। इनहोने तो केवल भाोर मचा कर लोगो को गुमराह करना है।

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः अध्यक्ष महोदय, लीडर आफ दि हाउस हर बार असत्य बात कर रहे है। यह मामला लोगो के इन्ट्रस्ट के साथ जुडा हुआ है।

श्री अध्यक्षः चौटाला साहब, पहले आप इनकी सारी बात सुन लें। उस के बाद बोलना।

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः ये सारी बातो को तोड मरोड कर पे ा कर रहे है। हमे अफसोस है कि आप हमारी बात नही सुन रहे है। ये सारे हाउस को गुमराह करने की कोि ा ा कर रहे है। यह प्रदे ा के 1.60 करोड लोगो के हित की बात है। उसमें भी मुख्य मंत्री तोड–मरोड कर बात कह रहे है। एक तरफ ये कहते है कि पहली बार 5.7 एम0 ए0 एफ0 पानी मिला है।

अध्यक्ष महोदय, मै इनसे एक बात पूछना चाहता हू कि अगर किसी के पास दस एकड जमीन है और उसमें से वह चार एकड जमीन पर का त करता है तो क्या बाकी 6 एकड पर उसका अधिकार चला जाएगा। हमारा जितना हिस्सा है उसके मुताबिक मुख्य मंत्री क्या एग्रीमैंट करके आए है। हमें तो अपना हिस्सा पूरा मिलना चाहिए। आप गलत ब्यानी की कोि ा ा मत करे। जो फैसला हुआ, वह बताने की बात करे। आप यह मान कर चले कि आपने दबाव में आ कर हरियाणा के इन्ट्रस्ट को धोखा दिया है।

श्री अध्यक्षः आपको बीच में बोलने का कोई हक नही है। (ाोर)

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः यह यमुना के पानी का सवाल नही है। यह हरियाणा प्रदे ा के इंटरैस्ट का सवाल है। मुझे हैरानी है और बडा अफसोस है कि मुख्य मंत्री हाउस को * * * * * * * कर रहे है। (ाोर)

चौधरी भजन लालः आप हरियाणा प्रदे ा के ठेकेदार कहा से आ गए। (ाोर)

चौधरी औम प्रका ा चौटालाः मुख्य मंत्री कोई भी बात सही नही कर रहे है।

श्री अध्यक्षः गुमराह भाब्द रिकार्ड न किया जाए। (ाोर) चौटाला साहब कृप्या आप बैठ जाएं। मुख्य मंत्री जी आप यह बताएं कि आपको दो जगहो से पानी मिलता है। ताजेवाला से जो

पानी आएगा, उसमें आपको दो एक की रे ाो है। ओखला मे पहले अपापका कितना भोयर था और अब कितना भोयर है।

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, ओखला में पहले हमारा एक बूंद पानी नही था लेकिन अब हमें 0.50 हमारा हिस्सा मिला है।

बैठक का समय बढाना

श्री अध्यक्षः अगर हाउस सहमत है तो हाउस का समय 15 मिनट और बढा दिया जाए।

आवाजेंः ठीक है जी, हाउस का टाईम 15 मिनट और बढा दिया जाए।

श्री अध्यक्षः ठीक है हाउस का टाईम 15 मिनट और बढाया जाता है। (ाोर)

नियम 84 के अधीन प्रस्ताव

हरियाणा सरकार द्वारा हस्ताक्षरित यमुना जल समझौते संबंधी (पुनरारम्भ)

मुख्य मंत्री (चौधरी भजन लाल): आप मेरी बात तो सुनिए। ताजेवाला में हमारा भोयर 5.23 है और उतर प्रदे ा का 2.33 है तो हमारा भोयर टू थर्ड हो गया या नही। (ाोर)

प्रो0 सम्पत सिंहः 1954 के एग्रीमैंट के मुताबिक हमारा 77 परसैंट भोयर था।

चौधरी भजन लालः वह बरसात के दिनो की बात है। बरसात के दिनो में हम 30 हजार क्यूसिक के करीब लेंगे।

प्रो0 सम्पत सिंहः टोटल साल का यमुना मे पहले एग्रीमैंट के मुताबिक हमें कितना मिलता था और इस समझौते के बाद आज यमुना का टोटल पानी हमें कितना मिलेगा? सवाल यह नही है कि यूटिलाइजे ान कितना हुआ है। पानी तो कम भी हो सकता है और पानी ज्यादा भी हो सकता है। मै यह जानना चाहता हूं कि टोटल साल का पहले हमे यमुना में कितना पानी मिलता था और अकोरडिंग टू दिस एग्रीमैंट हमें कितना भोयर मिलेगा। यूटिलाईजे ान कितना हुआ है, यह बात नही। आप हमें यह बताएं कि भोयर यमुना के पानी मे कितना मिलना चाहिए?

चौधरी भजन लालः अध्यक्ष महोदय, इन्होने तो वह बाते कहनी है जिनका कोई मतलब नही है। ये बगैर सिर पांव की बात करते है। मैने अभी आपके सामने ताजेवाला मे पानी का हिस्सा बताया है और ओखला में पानी का हिस्सा बताया है। अध्यक्ष महोदय, यह बहुत ही भाानदार फैसला हुआ है। इन भाब्दो के साथ मै आपका धन्यवाद करते हुए अपना स्थान लेता हूं। धन्यवाद।

15:19 बजे

श्री अध्यक्षः अब हाउस कल दिनांक 14–4–94 प्रातः9:30 बजे तक के लिए स्थगित हुआ।